# सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रृद्धांजलि



अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन दिवस मनाया गया।

- सुशासन दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित
- जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ

**सीकर,** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सुशासन दिवस मनाया गया। जिला कलेक्टर शर्मा ने वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की सुशासन शपथ दिलायी। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपने आप में एक संपूर्ण व्यक्तित्व थे, जिनका हमारे देश की प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने देश में नदियों को जोड़ने, हाईवे एवं एक्सप्रेस वे निर्माण का कार्य शुरू किया जो आज देश में बड़े स्तर पर हो रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की राजनीतिक स्थिति को मजबूत किया। उन्हीं के नेतृत्व मेंअंतरराष्ट्रीय दबाव होने के बावजूद देश ने अपना पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कारगिल वॉर के बाद देश ने अपना खुद का जीपीएस सिस्टम विकसित किया जिसकी सेवाएं आज देश के कई पड़ोसी देशों को भी भारत उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी दार्शनिक कवि थे और लोगों की संवेदनाओं को वे बारीकी से समझते थे।

कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन रतन कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का देश की अंतरराष्ट्रीय नीति को अलग दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसडीएम सीकर निखिल कुमार ने कहा कि सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल पर उतारकर हीहम सुशासन का सपना साकार कर सकते हैं। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के शासनकाल में ही देश में नो फर्स्ट यूज की परमाणु नीति बनाई गई जिसके तहत भारत ने यह संकल्प लिया कि वह किसी भी देश पर पहले परमाणु आक्रमण नहीं करेगा। उन्होंन अटल जी की कविता का काव्य पाठ भी किया। उन्होंने बताया कि सुशासन का अर्थ राम राज्य की संकल्पना करना हैं।

पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय में देश की नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प लिया गया था, जिसके तहत वर्तमान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा यमुना जल समझौता किया गया है, जिससे सीकर, चूरू, झुंझुनूं,नीमकाथाना सहित 21 जिलो को नहर का पानी मिलेगा। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी देश की राजनीति में सुचिता के प्रतीक थे। वे 12 बार सांसद व तीन बार देश के प्रधानमंत्री के पद पर रहे। भारत सरकार ने 2015 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। अटल बिहारी वाजपेयी कवि, लेखक,पत्रकार एवं प्रखर व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने वाजपेयी के साथ अपने संस्मरण सुनाएं।कार्यक्रम का संचालन एडीपीसी राकेश लाटा ने किया। इस दौरान डीईओ शीशराम कुल्हरी, सहायक निदेशक पूरण मल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण कुमार, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल, उप निदेशक पशुपालन डॉ.दीपक अग्रवाल सहित कार्मिक उपस्थित रहें।

## महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

**रतनगढ़,( निसं )।** स्थानीय ग्रामीण किसान छात्रावास स्थित सेमिनार हॉल में महाराजा सूरजमल की पुण्यतिथि को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। छात्रावास अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में महाराजा सूरजमल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। जाट बौद्धिक मंच सचिव महेंद्र डूडी में बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंचस्थ जाट बौद्धिक मंच अध्यक्ष मुकंदाराम नेहरा ने कहा कि महाराजा सूरजमल राजस्थान के भरतपुर के राजा थे। उनका शासन जिन क्षेत्रों में था वे वर्तमान समय में भारत की राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश के आगरा,अलीगढ़,फ़िरोज़ाबाद, एटा, राजस्थान के वह भरतपुर, धौलपुर,हरियाणा के गुरुग्राम, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, मेवात जिलों के अन्तर्गत हैं। राजा सूरज मल में वीरता, धीरता, गम्भीरता, उदारता, सतर्कता, दूरदर्शिता, सूझबूझ, चातुर्य और राजमर्मज्ञता का सुखद संगम सुशोभित था। मेल-मिलाप और सह-अस्तित्व तथा समावेशी सोच को आत्मसात करने वाली भारतीयता के वे सच्चे प्रतीक थे। योगाचार्य पवन जोशी, विनोद प्रजापत, शिवराम मेघवाल, भंवरलाल डूडी सरपंच संघ के अध्यक्ष विक्रमपाल थालौड़ ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद देते हुए महाराज सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

## वाजपेयी की जयंती भाजपा जिला कार्यालय में मनाई

**सीकर,( निसं )** । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल की अध्यक्षता में आयोजित जयंति कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन व्यक्त किए।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। उनके सादगी व ईमानदारी भरे जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। कहा कि वे सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करते। कहा कि भी जब केंद्र में स्व. वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और बहुमत के समय केवल एक वोट की आवश्यकता थी फिर भी उन्होंने झूकना स्वीकार नहीं किया, फिर चाहे उनकी सरकार ही चली गई।उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी जी ने गांवों को आपस में जोडऩे के लिए ग्राम सडक़ योजना, नदियों को आपस में जोडऩे का काम किया। इससे ग्रामीण इलाके भी शहरों से जुडऩे लगे। कहा कि स्व. वाजपेयी की सादगी व ईमानदारी को विपक्ष के नेता भी मानते और उनका सम्मान करते।

# सैनी समाज जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 29 को

**रतनगढ़,**(निसं)। सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान द्वारा सैनी समाज जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी रविवार 29 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे चंचलनाथ जी का टीला झूंझुनू धाम के महंत संत श्री ओमनाथ जी महाराज के संत सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के महासचिव गौरीशंकर खडोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय श्री हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अतिरिक्त राज. पुलिस अधीक्षक जयपुर नन्दलाल सैनी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में एसीजेएम सुश्री मीना गहलोत, समदड़ी पंचायत समिति बीडीओ रितेश सांखला, विधुत विभाग अधिशासी अभियंता वी.एल सैनी होंगे। आयोजन समिति संस्थान तहसील अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया ने बताया कि गरिमामय कार्यक्रम में समाजसेवी व भामाशाह गोविंद प्रसाद मिटावा, उद्योग पति व भामाशाह राधाकृष्ण सुईवाल, सरदारशहर व्यापार व उधोग मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, टेंट व्यवसायी निर्मल सैनी, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, चुरु नवचयनित न्यायिक अधिकारी सुश्री आकांक्षा सैनी, लाडनू नवचयनित न्यायिक अधिकारी सुश्री वर्षा टाक व सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पापटाण विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन होंगे। समारोह सहसंयोजक नन्दकिशोर गढवाल ने बताया कि जिलास्तरीय समारोह की तैयारियों के साथ साथ समाज के संरक्षक ओमप्रकाश टाक, मदनलाल कम्मा, जिला उपाध्यक्ष हीरालाल खडोलिया, नवयुवक मंडल जिलाध्यक्ष तिलोक कम्मा, अशोक वर्मा, सैनी समाज रतनगढ़ अध्यक्ष महेश सैनी, किसनलाल राकसिया, गिरधारीलाल राकसिया, सुनील कम्मा, मोहनलाल गौड़, एडवोकेट महेंद्र गौड़, एडवोकेट अश्विनी राकसिया, प्रमेश्वर लाल गौड़, नगेन्द्र गौड़, आदि समाजबंधु प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।

# किसान संघर्ष समिति की राणासर में हुई संकल्प सभा

- किसानों ने दोहराया, किसानों की सहमति के बिना खेतों में आए कंपनी प्रतिनिधि, तो बांधेंगे

**मुकुंदगढ़,** । 765 केवी बीकानेर नीमराणा ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की संकल्प सभा बुधवार को राणासर गांव में हुई। सभा की अध्यक्षता भागीरथ पंच ने की। इनके अलावा सुनिल गुरुदेव, खेमचंद, उम्मेद झाझड़िया व पर्यवेक्षक के तौर पर समिति के संजीव तोगड़ा, रोहिताश झाझड़िया, नरेंद्र पायल, चरणसिंह डाबड़ी, सतीश जेजूसर, महावीर देवगांव, सतीश पूनियां, विजेंद्र सांगासी, फूलचंद ढेवा मंचस्थ रहे। सभा का संचालन प्रवेश झाझड़िया व कॉमरेड कपिल ऐचरा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए संजीव तोगड़ा व कॉमरेड विजेंद्र सांगासी ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों पार्टियां केवल किसान को अपना वोट बैंक समझती हैं। वोट लेने के बाद समझौते के तहत इन कंपनियों को गांवो में किसानों की बर्बादी की अनुमति दे देते हैं। अगर हमारे संघर्ष को दबाने की कोशिश की तो हम किसी भी पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि को गांवों में नहीं घुसने देंगे। सभा में सुनिल गुरुदेव व कॉमरेड फूलचंद ढेवा ने कहा कि किसानों के इस संघर्ष को मजबूत करने में हर व्यक्ति भागीदार बनें। क्योंकि यह एक ही लाइन नहीं है बहुत जल्द ओर लाइन आ रही हैं। जिनसे बचे हुए हर किसान का शोषण किया जाएगा। इसलिए एकजुट होकर संघर्ष को तेज करें। समिति के कॉमरेड कपिल ऐचरा व मनीष राणासर ने बताया कि गुरूवार 26 दिसम्बर को सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम के नेतृत्व में सीकर में इन्हीं 765 केवी ट्रांसमिशन लाइनों को लेकर किसानों का पड़ाव है। जिसमें इस इलाके के प्रभावित किसान भी जाएंगे और वहां से अनुभव लेकर आन्दोलन को ओर मजबूत करेंगे। इसी क्रम में 27 दिसम्बर को झुंझुनूं तहसील के बास नानग में संकल्प सभा होगी। उसके बाद अन्य प्रभावित गांवों को चिह्नित करते हुए जिलेभर के किसान को इन कंपनियों के खिलाफ लामबंद किया जाएगा। सभा में महेश राणासर, अशोक, गोवर्धन, फूलसिंह, हरिराम, नटवर, कुलदीप, बिज्जू पंच डाबड़ी, ताराचंद, जगदीश, बीरबल, मोहरसिंह, रमेश, बंसीधर, सुमित, सुनील सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहीद को नमन करने का लिया लक्ष्य

**झुंझुनूं, ( निसं )**।जिले का एक 20 साल का युवक शहीदों को नमन करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए साइकिल पर निकला है। 20 दिसंबर को गुढ़ा से निकले बासड़ी गांव के विकास गुर्जर ने संकल्प लिया है कि वह झुंझुनूं जिले के हर शहीद की प्रतिमा और उनके परिवार तक जाएगा। शहीद को नमन करेगा। इसी क्रम में झुंझुनूं शहीद स्मारक पहुंचे इस युवक का सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम बास बुडाना के नेतृत्व में स्वागत किया गया। युवक विकास गुर्जर ने बताया कि इसी साल फरवरी में उसने साढ़े चार महीने की साईकिल यात्रा को पूरा किया था। इस साइकिल यात्रा के तहत उसने पांच राज्यों राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और यूपी का भ्रमण साईकिल पर करके वहां की प्रसिद्ध जगहों को देखा। उन्होंने बताया कि इस बार उनकी यात्रा कितने दिनों की होगी। अभी यह तय नहीं है।

## गौवंश की पीठ पर घोंपी कुल्हाड़ी

- कुल्हाड़ी घोंपने वालों पर कार्रवाई की मांग

**झुंझुनूं, ( निसं )**।जिला मुख्यालय के साथ लगते सोती गांव में बुधवार को एक गौवंश की पीठ पर समाजकंटकों ने कुल्हाड़ी घोंप दी। काफी समय तक गौवंश गांव में घोंपी गई कुल्हाड़ी के साथ ही घुमता रहा। लेकिन इसके बाद सूचना मिलने पर बुडाना की गोविंदा गौशाला सेवा समिति के कार्यकर्ता सोती गांव पहुंचे। जिन्होंने पहले गौवंश का रेस्क्यू किया और फिर उसकी पीठ से कुल्हाड़ी निकाली। इसके बाद वाहन के जरिए गौवंश को जखोड़ा स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया। जहां गौवंश का इलाज जारी है। श्री गोविंदा गौशाला सेवा समिति बुड़ाना के अध्यक्ष मंदीप कृष्णिया का कहना है कि सुबह सोती गांव में एक गौवंश घूम रहा था। सांड की पीठ पर लोहे की कुल्हाड़ी घुसी हुई थी और खून बह रहा था। यह देख उसके साथी राहुल ने सेवा समिति को सूचना दी। जिस पर सेवा समिति के सदस्यों एवं अन्य गौसेवक युवकों की मदद से सांड को पकड़ कर उसकी पीठ से कुल्हाड़ी निकाली। मंदीप ने बताया कि कुल्हाड़ी का वार इतना तेज किया गया था कि सांड की पीठ पर बड़ा घाव हो गया और के खून बहने लगा। इधर गौरक्षा सेना के प्रदेशाध्यक्ष सुलतान सिंह गुर्जर व गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष मंदीप कृष्णियां का कहना है कि बेसहारा गौवंश के साथ ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान जयकरण गुर्जर, उम्मेद, विकास राईका, लक्ष्मीकांत, महोम्मद अली, सौरभ जांगिड़, सोहिल गांधी, अरमान, विक्की जागिड़, राकेश, आर्यन, हरिश, अंकित, अजय, अनिल गुर्जर, पंकज इत्यादि गौसेवा मौजूद रहे।

## तेरहवीं परमहंस दिव्य संदेश यात्रा का समापन

**चिड़ावा** । परमहंस पं.गणेशनारायण बावलिया बाबा का दिव्य संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिये शहर के सनातन आश्रम स्थित परमहंस पीठ से शुरू हुई बावलिया बाबा की दिव्य सन्देश यात्रा का चिड़ावा में विधिवत समापन हुआ। यात्रा सात दिनों तक झुंझुनूं व नीमकाथाना जिले में प्रमुख शहरों और गांवों में पहुंची। जहां बाबा की आरती, मंगल पाठ, साहित्य वितरण व प्रवचन के कार्यक्रम हुए। अंतिम दिन यात्रा चूड़ी अजीतगढ़ से चलकर नूआ, झुंझुनू, बगड़ से होते हुए शहर के पोद्दार पार्क स्थित सनातन आश्रम स्थित परमहंस पीठ पहुंची। यहां पर यात्रा संयोजक पं. प्रभुशरण तिवाड़ी के नेतृत्व में महाआरती हुई। इसके बाद जयकारों के मध्य बाबा का प्रसाद सभी में बांटा गया। इस दौरान तिवाड़ी ने कहा कि अघोरी सन्त बावलिया बाबा ने पीड़ित मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने संसार और ईश्वर के निराकार स्वरूप से दुनिया को अवगत कराया। ऐसे संतों के जीवन से मानव मात्र को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व पार्षद मुकेश जलिंद्रा,समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, सियाराम शास्त्री,राजेन्द्र सैन, सुरेश शेखावत, गिरधर गोपाल महमिया, दयाराम शर्मा, श्याम राणा, सुरेन्द्र डांगी, ग्यारसीलाल , श्याम राणा, विक्रम सिंह, विकास जांगिड़, रत्तिराम राजोतिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने सेवा कार्य कर जिलेभर में मनाया वाजपेयी का जन्मदिवस



अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में जिलेभर में सेवा कार्य कर उन्हें याद किया।

- पुष्पांजलि अर्पित कर किया रक्तदान, लगाया चिकित्सा शिविर

**झुंझुनूं,( निसं )** ।पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में जिलेभर में सेवा कार्य कर उन्हें याद किया। जिला मुख्यालय पर नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा के नेतृत्व में अटलबिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जन्मदिवस मनाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास शर्मा, शीशराम राजोरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, मंडल उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, पार्षद विजय कुमार सैनी, शिवप्रसाद महर्षि, राजेंद्र ठठेरा, श्रीराम सैनी, श्रवणकुमार सैनी, संजय मोरवाल, ज्योतिप्रकाश शर्मा, लालचंद सैनी, दीपक स्वामी, खलील सिलावट, जेपी चौधरी, कपिल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में मलसीसर मंडल में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रक्तदान शिविर लगाकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि तीन बार प्रधानमंत्री बने कवि हृदय अटल बिहारी वाजपेयी की दूर दृष्टि से देश भर के गांव ढाणी को सड़कों से जोड़ने को लेकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क एव स्वर्णिम चतुर्भुज लिंक योजना शुरू की। जो देश के विकास में अहम कड़ी साबित हुई। उनके देश की समस्त नादियों को जोड़ने का स्वप्न वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार करने जा रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि वाजपेयी ने उस समय किसानों के हित में सोचकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की। जो किसानों को नया जीवन देने वाली रही। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की दिशा में कार्य किया। भाजपा जिला प्रवक्ता एवं नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सैनिकों व बलिदानी शहीदों को सम्मान देकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी व साथ ही उनके परिवार जन को जमीन, स्मारक एव रोजगार देकर उनके जीवन यापन को सुगम बनाने का अभूतपूर्व कार्य किया। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इनके अलावा पूर्व प्रधान गिरधारीलाल ,चिरंजीलाल व एसडीएम पंकज शर्मा ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद मंडल अध्यक्ष सुधीर चौमाल ने दिया। जबकि संचालन अरुण कौशिक ने किया। इस मौके पर बीडीओ विमल जांगिड़, सुनिल चौमाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित व्यास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार मलसीसर में पूर्व सरपंच विनोद प्रजापत की अगुवाई में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्रों की जांच व चश्में वितरित किए गए व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि प्यारेलाल ढुकिया, जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, राजेंद्र चौधरी एवं सीताराम कुमावत मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मंदिर ट्रस्ट ने तुलसी पूजन दिवस मनाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,**(निसं)। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से बुधवार को सुरेका के भवन में माता तुलसी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रसाद लगाकर व आरती कर मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी पूजन दिवस मनाया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक दीनदयाल जोशी का जन्म दिवस भी मनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने जोशी का मुंह मीठा कराकर बधाई दी ।यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रभारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते हुए प्रभाव को युवा पीढ़ी में रोकने के लिए और फालतू के दिखावे से बचने के लिए युवा पीढ़ी को संस्कारवान, चरित्रवान, शिक्षावान व बेहतर चरित्र निर्माण के लिए तुलसी पूजन दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया गया । उन्होंने बताया कि तुलसी पूजन से संपूर्ण प्रकृति के पेड़ पौधों का पूजन एवं भगवान विष्णु के साथ-साथ सभी देवी देवताओं का पूजन संभव है । अतः हम सबको आज के दिन हमारी संस्कृति के विपरीत संस्कारों का परित्याग कर भारतीय संस्कृति के संस्कार के अनुसार तुलसी दिवस मनाना चाहिए व पूजा अर्चना करनी चाहिए । जिससे युवा पीढ़ी के बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं उच्च संस्कारों का परिवेश संभव हो सके तथा उच्च संस्कारों का निर्माण हो सके । कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के गीत हमें चाहिए खुशहाली का गायन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक दीनदयाल जोशी, प्रकाश पासोरिया, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत , अमित सोनी, पिंटू सुरेका, सुनील कुमार माली, रामपाल कुमावत , गणेश जोशी, हर्ष मुरारका सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीणांचलों में तुलसी पूजन दिवस मनाया

**सादुलपुर,**(निसं)। तुलसी पूजन दिवस ग्रामीणांचलों में बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। युवा भारत मातृभूमि अभ्युदय इकाई भगतसिंह नवयुवक मण्डल संस्थान के जिला प्रवक्ता एवं आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने वैदिक वंदना प्रस्तुत कर तुलसी की आरोग्यमय औषधिय महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही महापुरुषों के सपनों का भारत बनाने के लिए एकता अखंडता का संकल्प करवाते हुए अजेय योद्धा महाराजा सुरजमल, महान समाज सुधारक सी राजगोपालाचारी के बलिदान दिवस और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापन दान संग्रह कर्ता भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय एवं जननायक भारत रत्न कवि ह्रदय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विचार व्यक्त किये। इस मौके पर श्री श्री 1008 केशुगिरी मठ प्रांगण में पर्यावरण प्रेमी प्रमानंद मोहता के सानिध्य में टेलर मंगेजपुरी गोस्वामी, जिला कार्यवाह बृजमोहन कारग्वाल, डॉ गोपिकृष्ण निमिवाल, रत्नसिंह तंवर, खण्ड विस्तारक योगेश कुमार, पंकज मेघवाल, अंकित, प्रदीप प्रजापत, तेजपाल सिंह कंकडेउ वाला, लक्षिता आदि योग साधकों ने सहभागिता निभाई तथा स्वस्थ समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए नियमित योग प्राणायाम ध्यान साधना की शपथ ली।

### युवा महोत्सव का आयोजन आज

**सीकर,** । राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान सरकार के द्वारा राज्य युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार 26 दिसंबर 2024 को सीकर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव सीकर में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर एवं आयोजक सचिव शीशराम कुलहरी ने बताया कि सीकर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन गुरुवार को ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान सीकर में 10 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति को संवर्धन, संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार यह आयोजन करवा रही है। संभाग स्तरीय विजेता राज्य स्तर पर अपनी प्रस्तुति देंगे। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में सीकर, झुंझुनू, नीमकाथाना और चूरू जिले के प्रथम विजेता इस महोत्सव में भाग लेंगे। महोत्सव में थीमेटिक, कल्चर, लाइफ स्किल और युवाकृति की 13 गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों में राज्य स्तर पर विजेता राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे।

### शिशु संरक्षण समिति की बैठक हुई

**सादुलपुर** (निसं)। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन पंसारी भवन राजगढ में बुधवार को सुरेश कुमार मोदी की अध्यक्षता में किया गया। शाम पांच बजे दी जानकारी में बैठक में संभागीय सम्मेलन और जागरूकता रैली फरवरी 2025 में करने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया। जिला प्रभारी महेंद्र कुमार कश्यप ने अभी से सक्रिय प्रयास करने हेतु निवेदन किया। मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थाओं से शीत कालीन अवकाश में ही सम्पर्क करने पर जोर दिया। प्रदीप कुमार स्वामी ने सम्मेलन में शामिल होने वाले सम्मानित साधकों के लिए आवास और भोजन व्यवस्था हेतु दायित्व स्वेच्छा से लिया। महिला प्रभारी ज्योती सरावगी ने अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। शिव शक्ति प्रभात फेरी सादुलपुर के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से सहयोग करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में श्यामा शर्मा, ललिता डोकवा, अनिल शास्त्री, देवदास स्वामी अरुण पंसारी आदि ने उपयोगी सुझाव दिए।

### महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। श्री मंगलदत्त विद्यालय की कार्यकारिणी की बैठक मंगल महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में बद्रीप्रसाद बंशीया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंगल महोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर फ्लैक्स लगाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने, अतिथियों से वार्ता कर उन्हें निमंत्रण देने व विशिष्ट जनों को सम्मानित करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बनवारीलाल बील, मनोज जोशी, ओमप्रकाश मंगलहारा, पवन माटोलिया, रामकिशन नोहाल, मधुसूदन माटोलिया, हरिशंकर मंगलहारा, हिरालाल नोहाल, दिपक डिडवानिया सहित कई जनों ने अपने विचार रखते हुए मंगल महोत्सव जोर - शोर मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सत्यनारायण सेवदा, भागीरथ चोटिया, नथमल जोशी आदि उपस्थित थे।

### मलसीसर डेम का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही पेयजल किल्लत व जल में स्वच्छता की शिकायतों को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया व जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मलसीसर डेम का दौरा कर निरीक्षण किया व दिशा निर्देश दिए। डेम का संपूर्ण निरीक्षण करने के बाद जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि डेम का पानी तलहटी तक चला गया है व आगे से पानी नहीं आने से कुछ दिनों के बाद ही पेयजल की भारी किल्लत हो जाएगी। उन्होंने पेयजल स्वच्छता के मानक को सही बताते हुए कहा कि जल शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद स्वच्छ पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे उच्च अधिकारियों व जलदाय मंत्री को पानी किल्लत की समस्या से अवगत करवा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने की दिशा में उचित प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मलसीसर मंडल अध्यक्ष सुधीर चौमाल, डेम के सीनियर इंजीनियर राकेश कुमार, विजय जैदिया, सुरजीत बुरड़क, महावीर शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### हमला करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। पचेरीकलां पुलिस ने देर शाम को थाना क्षेत्र के गूंति गांव में एक माह पहले घर में सो रहे परिवार पर जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इस दौरान आपस में मारपीट में दो महिलाओं सहित चार जने घायल हो गए थे, जिस पर पीड़ित की ओर से थाने में 11 जनों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया गया था। मंदिर के पास कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था।धर्मपाल, लोकेश पुत्र सुरेंद्र, शिशपाल पुत्र कंवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एएसआई नरेश कुमार, कांस्टेबल विजय सिंह, रामसिंह आदि शामिल थे।

### मर्डर के आरोपी को किया गिरफ्तार

**खेतड़ी,** ( निसं)। खेतड़ी पुलिस ने मर्डर के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने दो साल पहले बिहार के जमुई में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद वहां से आकर खेतड़ी के खनन क्षेत्र में काम करने लगा था।

### फांसी लगाकर आत्महत्या की

**चिड़ावा।** शहर के बाईपास पर एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बड़ी ख़बर सामने आई है। कस्बे के बाईपास स्थित बालाजी पेट्रोल पम्प के पास सोना होटल में आत्महत्या की यह वारदात हुई है।

## संक्षिप्त

### वाजपेई की 100वीं जयंती मनाई

**नीमकाथाना,**(निसं)। पाटन पंचायत समिति सभागार में बुधवार को भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी,ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शिम्भु दयाल स्वामी, इरफ़ान खां, मोहन लाल गुर्जर सहित अनेक कर्मचारी व उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया। इसके अलावा ग्राम पंचायत पाटन कार्यालय में भी सरपंच मनोज चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी रामगोपाल शर्मा, टिंकू योगी सहित अनेक ग्राम वासियों ने भी उन्हें पुष्प अर्पित किये।

### कार्यकारिणी का गठन हुआ

**पाटन,**(निसं)। कस्बे के धांधेला रोड़ स्थित जीवन ज्योति स्कूल में बुधवार को निजी शिक्षण संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। बैठक में महासचिव मनोज गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। निजी शिक्षण संस्थान संचालकों ने आरटीई, अपार आईडी समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा की साथ ही शिविरा पंचांग के हिसाब से विद्यालयों में अवकाश रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अरविन्द तिवाड़ी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामस्वरूप टेलर को कोषाध्यक्ष तथा नरेंद्र सैनी को महासचिव निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर जयराम गुर्जर, महेश योगी, महेश यादव, बृजमोहन शर्मा, माधोसिंह यादव, अश्वनी सैनी, गोपाल गुर्जर, देवेश , समेत अनेक निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर गौ माताओं की सेवा की

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर देवेंद्र कुमार गोड़ के सौजन्य से स्वर्गीय पुष्पादेवी गौड़ की पुण्य स्मृति पर गोपाल गौशाला झुंझुनूं में गौ माताओं को गुड़ एवं हरी सब्जियां खिलाई गई। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, ओमप्रकाश ककरानिया, देवेंद्र कुमार गौड़, रविंद्र गौड़, रामबाबू गौड़, आदित्य गौड़, आकाश गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, शिवप्रसार्द, अशोक , प्रमोदकुमार , कुशल, कीर्ति, यशस्वी एवं काफी संख्या में गणमान्य जन एवं वीर वीराएं उपस्थित रहे।

### चंदेलिया बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय वाल्मिकी युवक संघ केंद्रीय संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बगड़ निवासी कांग्रेस नेता रणजीत चंदेलिया को नियुक्त किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर की सहमति से राष्ट्रीय महासचिव संजीव राही ने दी है। जिसके बाद चंदेलिया के समर्थकों और समाज में खुशी देखी जा रही है। नियुक्ति पत्र में चंदेलिया को संघ की गतिविधियों में समन्वय रखने, युवा सदस्यों के विकास व कल्याण के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करवाने तथा संघ के उद्देश्यों और लक्ष्यों को आगे बढाने के साथ-साथ संगठन को हर गांव और कस्बे के स्तर पर मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए है।

### शिकायतों की सुनवाई आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय झुंझुनूं में विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधित समस्याओं शिकायतों की सुनवाई गुरूवार को होगी। जिसमें बिजली सप्लाई, कनेक्शन, मीटर, बिल, ट्रांसफॉर्मर, लाइन व गलत वीसीआर इत्यादि से संबंधी के समाधान के लिए सुनवाई की जाएगी। एक्सईएन विजयपाल लालपुरिया ने बताया कि गुरूवार सुबह 11 बजे संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय में संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह जनसुनवाई करेंगे।

### बैठक आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर से प्रस्तावित जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक 26 दिसंबर गुरूवार शाम चार बजे होगा। गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रांतीय मंत्री उमाशंकर महमिया ने बताया कि 29 दिसंबर रविवार शाम सवा चार बजे से मोदी रोड गाडिया टाउन हॉल में जिला स्तरीय सम्मेलन प्रस्तावित है। जिसकी अब तक की तैयारियों की समीक्षा के लिए और कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए गुरूवार शाम चार बजे राणी सती रोड चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में बैठक होगी।

# प्रगतिशील प्रजापति संघ के द्वारा प्रतिभा सम्मान आयोजित

■ 150 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**राजलदेसर,** (निसं)। राजलदेसर प्रगतिशील प्रजापति संघ की ओर से चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रजापति भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष रिटायर्ड बैंक मैनेजर रामचंद्र निराणिया के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पहलाद राय टाक,सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गैधर, रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार टाक , रतनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार, पुखराज कुचेरिया चयनित आरजेएस सहित अन्य अतिथियों के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 150 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । इस अवसर पर प्रगतिशील प्रजापति संघ के सचिव गणेश रेवाड़िया लालाराम प्रजापत, मोहनलाल प्रजापत,



राजलदेसर प्रगतिशील प्रजापति संघ की ओर से चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन ।

परमानंद मांगीलाल छगन प्रजापत आदि ने बाहर से आए हुए अतिथियों का भी सम्मान किया इस अवसर पर राज्य मंत्री माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पहलाद राय टाक ने कहा समाज के बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण कराया ताकि आने वाले समय में समाज का नाम रोशन कर सके साथ ही उन्होंने कहा प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम इस तरह का होना समाज के लिए गौरव का विषय है जिससे आने वाले समय में विशेष कर युवा वर्ग को प्रेरणा मिलती है साथ ही उन्होंने समाज हित के लिए जो भी कार्य होगा हमेशा तत्पर रहने का आ ान किया इस अवसर पर सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेदर ने कहा इस तरह के कार्यक्रम होने से आपस में प्रेम भाईचारा की भावना बढ़ती है साथ ही प्रगतिशील प्रजापति संघ जो समाज के हित के लिए कार्य करती है उस संस्था के सभी पदाधिकारी को मैं बधाई देता हूं इस अवसर भगवान राम कुचेरिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष मांगीलाल प्रजापत, कालूराम प्रजापत, एडवोकेट गोविंद सिंह कग्रेड, परमानंद मांगीलाल प्रजापत सहित समाज के प्रमुख व्यक्ति महिलाएं उपस्थित थे आए हुए अतिथियों को मोमेंटो, साफा, शॉल पहना कर अभिनंदन किया ।

## आज श्रीमाधोपुर और अजीतगढ़ की होगी भर्ती

**सीकर** ,(निसं)। जिला रोजगार कार्यालय सीकर एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत भर्ती शिविर चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सिक्योरिटी स्किल काउंसिल इन्डिया लिमिटेड के द्वारा सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं आधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया कार्यक्रम जिला रोजगार कार्यालय रिको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में बुधवार को तहसील नीमकाथाना व पाटन के 145 अभ्यर्थियों ने भाग लिया नीमच से आये वरिष्ठ भर्ती आधिकारी महीपाल सिहं ने मापदंड के आधार पर 65 युवाओं का चयन किया गया। श्रीमाधोपुर और अजीतगढ़ की 26 , दांतारामगढ़ व पलसाना की 27 ,खण्डेला व धोद की 28 ,सीकर की 29 तथा वंचित रहे सभी तहसीलों के अभ्यर्थियों सहित सीकर की चयन प्रक्रिया 30 को जिला रोजगार कार्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक की जायेगी।

# बागोरा रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बागोरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को रात्रि चौपाल में नीमकाथाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने ग्रामीणों की जनसुनवाई की । विधायक भगवाना राम सैनी भी रात्रि चौपाल में मौजूद थे। बागोरा रात्रि चौपाल में जनसुनवाई के लिए 36 परिवाद दर्ज करवायें।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को रात्रि चौपाल में सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जन समस्याओं को लेकर राजेंद्र प्रसाद सैनी ने खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, महावीर प्रसाद सैनी, ओमप्रकाश सैनी, जमन लाल सैनी, पंकज सैनी, मुकेश गुर्जर ने डामर सडक निर्माण करवाने की मांग, इंद्रपुरा के विजयपाल ने घुमंतू, विमुक्त परिवारों को पट्टा दिलवाने बाबत, किसान नेता धनाराम सैनी के नेतृत्व में आसकरण गुर्जर विकास,



जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने ग्रामीणों की जनसुनवाई की ।

गणेश, विष्णु ने गायत्री गौशाला से शाकंबरी तक क्षितठास्त सड़क बनवाने की मांग, पंकज सैनी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोरा में विज्ञान संकाय चालू करवाने की मांग, अनिल कुमार, राकेश गुर्जर, अमरचंद, बन्नाराम मेघवाल ने पानी की टंकी व पाइपलाइन डलवाने की मांग,रामलाल सैनी ने आरो प्लांट लगवाने की मांग का परिवाद दिया। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनने के लिए उपखंड स्तर के अधिकारी और कार्मिक उपस्थित थे।इस दौरान बागोरा सरपंच पुष्पा देवी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ सांख,उपखंड अधिकारी सुमन सोनल, नायब तहसीलदार नीरज वर्मा,विकास अधिकारी पंचायत समिति लालचंद कनवा, बीसीएमओ मुकेश भूपेश, सीआई राजेश बुडानिया,ब्लॉक सांख्याकी अधिकारी सुभाष पालीवाल, सहायक अभियंता विद्युत विभाग मनफूल सिंह महरिया, महिला बाल विकास अधिकारी मुकेश शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी मिठू मीना, प्रिंसिपल सत्य प्रकाश सैनी,ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सैनी, अजय तसीड, आस करण गुर्जर, किसान नेता धनाराम सैनी,सहित कई अधिकारी कार्मिक एवं लोग उपस्थित थे।

# झुंझुनूं में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

■ 21 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों तथा तीन नई डेयरी समितियों का गठन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। बुधवार को पूरे देश में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10 हजार नई बहउद्देश्यीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया। झुंझुनूं में भी इसी क्रम में 21 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों तथा तीन नई डेयरी समितियों का गठन किया गया है। जिसका शुभारंभ किया गया।

सूचना केंद्र में हुए कार्यक्रम में पहले सभी समितियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को वर्चुअली सुना और इसके बाद जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने नई समितियों का शुभारंभ किया। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने आ ान किया कि सहकारी समितियों को बहुउद्देश्यीय समितियों में अपग्रेड किया जाए। ताकि इनकी महत्वत्ता बढे। इसके अलावा किसान की मदद के लिए समितियों को मजबूत बनाया जाए। केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी संदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नवगठित एम-पैक्स, डेयरी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र, पशु पालकों को गोपालन क्रेडिट कार्ड वितरण, समिति सदस्यों को अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋण वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में सीईओ कैलाशचंद्र, आईटी डिपार्टमेंट के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, मुख्य प्रबन्धक बैंक सत्यवीर सिंह, निरीक्षक मुरारी लाल एवं संदीप कुमार, ईओ सुमन चाहर, एईओ रंजना स्वामी तथा भूमि विकास बैंक के वसूली अधिकारी दीपेंद्र सिंह आदि भी मौजूद थे। आपको बता दें कि झुंझुनूं जिले में 21 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों का बुधवार को गठन होने के बाद अब जिले में ग्राम सेवा सहकारी समितियों की संख्या बढकर 279 हो गई है। नीम का थाना जिले के उदयपुरवाटी और खेतड़ी क्षेत्र की समितियां भी अभी झुंझुनूं जिले में ही शामिल है। शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में पुजारी की ढाणी, नयासर एवं डाबड़ी धीरसिंह नव गठित ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पदाधिकारियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरण किया गया। नवगठित डेयरी सहकारी समितियों शिवसिंहपुरा, धिमा की ढाणी एव खरबासों की ढाणी को पंजीयन प्रमाण पत्र वितरण किए गए। राजस्थान गोपालन क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत दो गोपालकों शुभराम पुत्र कालूराम एवं दरिया सिंह पुत्र मेघ सिंह को 1-1 लाख रूपए के पशुपालन ऋण के गोपालन कार्ड वितरित किए गए। अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋण योजनान्तर्गत खाजपुर नया समिति के दो सदस्यों तथा लालपुर समिति के दो सदस्यों को चैक वितरित किया गया। दो ग्राम सेवा सहकारी समितियों यथा इंडाली एवं मालसर को माईक्रो एटीएम वितरण किया गया।

## नकिता के द्वारा बॉक्सिंग में गोल्ड मैडल जीतने पर किया स्वागत

**सादुलपुर** (निसं)। पंजाब के भटिण्डा जिले में हुए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल बॉक्सिंग गेम्स में 75 किलो भार वर्ग में गगोर के शहीद सहदेव की पुत्री नकिता कुमारी के द्वारा बॉक्सिंग में महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी से खेलते हुए गोल्ड मैडल जीता राजगढ पहुंचने पर बुधवार को विजयी जुलूश निकाला। जिसका जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। शाम चार बजे दी जानकारी में बेटी नकिता कुमारी के राजगढ पहुंचने पर जोगेंद्र झझडिया, डॉ. कौशल पूनिया,रोहित पूनिया, वीरेंद्र पूनिया शेरू, विमल पूनिया, मनोज पूनिया, कृष्ण भाकर एवं सुमित्रा पूनिया के अलावा ग्रामीणों एवं महिलाओं ने स्वागत किया। इस मौके पर नरेंद्र सांगवान, हरेंद्र जांदू उर्फ डिप्टी, आजाद सहारण, वेदपाल, चानन सहारण, दयानन्द फौजी व नरेश पूनिया आदि उपस्थित थे। डीजे की धुन पर दो डीजे बजाते हुए रेलवे स्टेशन से नन्दप्लाजा, बस स्टैंड, माता मंडी, अम्बेडकर सर्किल, हिसार रोड द्रोणाचार्य बॉक्सिंग एकेडमी पहुंचे। तथा खुली जीप में ही एकेडमी तक विजयी जुलूस पहुंचा, जहां माल्यार्पण व मिष्ठान वितरित किया गया। एकेडमी में सरपंच डोकवा मीरा देवी की अध्यक्षता में द्रोणाचार्य अवॉर्डी चीफ कोच अनूप कुमार बघेला, खेल अधिकारी रामूराम बुंदेला, बॉक्सर दादा दयानन्द, बॉक्सर की माता व दादी तथा परिजनों का दीप चंद साहू राजस्थान कॉलेज, शिक्षक संघ के मनोज पूनिया, प्रदीप सहारण, डॉ राजकुमार फगेडिया, महंत जगदीश पूरी, जेपी सहारण, हरेंद्र उर्फ डिप्टी गगोर, कृष्ण जनाऊ खारी, सोनू सरदारपुरा, इस्ताक खान, नरेंद सांगवान व मनीराम आदि ने साथ गए कोच रोहित टोकस का भी साफा व मालाओं द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। तथा नए मुक्केबाज बच्चों ने प्रेरणा ली। बॉक्सिंग के मुक्जेबाजों के अभिभावक व महिला पुरुष भी उपस्थित रहे। नकिता कुमारी ने अपना मैडल कोच अनूप कुमार को पहना दिया व चरण स्पर्श किये। कोच अनूप कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढने की नसीहत दी और क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही तथा कहा कि एम सी मेरीकॉम व निखत जरीन की तरह मेहनत करनी होगी और एक लक्ष्य बनाना होगा, फिर उच्च मुकाम हासिल होगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज पूनिया व नरेंद्र सांगवान ने किया।

# जन्म शताब्दी दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

■ जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ

**पाटन,** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के अवसर पर बुधवार को एसएनकेपी महाविद्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। जिला कलेक्टर शरद मेहरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी ने वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने , शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी, तथा अटल बिहारी वाजपेई के विचारों की गोष्ठी और उनकी कविताओं का पठन भी किया गया। नीमकाथाना उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी ने गीत नया गाता हूं



जिला कलेक्टर शरद मेहरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी ने वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्प अर्पित किए।

कविता पठन के साथ कार्यक्रम का आगाज करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने वाजपेयी के उल्लेखनीय कार्यों और उनकी दूरदर्शी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वाजपेयी ने देश को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उनकी ओजस्वी वाणी, सुदृढ़ नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने कविता पाठ करते हुए कहा कि वाजपेयी के आदर्श और सिद्धांत हमें प्रेरित करते हैं, उनके द्वारा स्थापित सुशासन की परंपराएं आज भी प्रासंगिक हैं और हम सभी को उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। एसएनकेपी महाविद्यालय की बालिका आंचल, सानिया व विशु ने अटल की कविताओं का पठन कर कार्यक्रम को रुचिकर बनाया, वहीं प्रोफेसर देवी प्रसाद ने अटल के जीवन चरित्र पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे महेश शर्मा ने अटल का जीवन परिचय और उनकी कविताओं का पठन कर कार्यक्रम को गति दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए एसएनकेपी महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने भी अटल जी के नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

## स्वयंसेविकाओ ने निकाली जन जागरूकता रैली

**सादुलपुर,**(निसं)। स्थानीय मोहता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवे दिन बुधवार को स्वयंसेविकाओ ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिनेश बासोतिया के निर्देशन में गोद ली बस्ती में जन जागरूकता रैली निकाली। शाम चार बजे दी जानकारी में जन जागरूकता रैली में नशा मुक्ति, स्वच्छता एवं सडक सुरक्षा की अलख जगाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बासोतिया ने बताया कि रैली बस्ती में स्थित राजकीय विद्यालय नंबर एक के पास से रामदेव मंदिर से होते हुए नेतजी थान तक पहुंची। इसके अतिरिक्त कंप्यूटर प्रवक्ता प्रो. कोमल चंगोईवाला के नेतृत्व विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कैंप में कुकिंग टीम कविता, नोसीन, आरती, उर्वशी, साइना, निसोनू ने स्वादिष्ट भोजन का इंतजाम कर सामूहिक भोजन परोसा। इकाई प्रथम के कैंप में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नवीन कुमार के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने ग्रुप बना कर राजगढ पिलानी स्टेट हाईवे पर होटल व दुकानों पर व चलते वाहन चालकों और राहगीरों को सडक सुरक्षा की जानकारी दी तथा जीवन रक्षा की उच्च वरीयता पर रखने की अपील की।

## सार-समाचार

### मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई

**उदयपुरवाटी**,(निसं)। कस्बे में घूमचक्कर के पास देश के प्रतिष्ठित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती बद्रीप्रसाद तंवर की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय सामाजिक नव जागरण के पुरोधा, शिक्षा के प्रचारक एवं नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। मालवीय ने एशिया महाद्वीप के प्रतिष्ठित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक थे, जन सहयोग से बनाया गया ये विश्वविद्यालय विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में गिना जाता है। एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन वृत पर जानकारी देते हुए कहा कि लाला लाजपत राय ने मदन मोहन मालवीय को महामना बताते हुए कहा था कि मालवीय उच्च आदर्श वाले महामानव थे, उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं उत्कृष्ट सेवाओं में समर्पित रहा। इस दौरान कार्यक्रम में एडवोकेट ताराचंद सैनी नांगल, वीरेंद्र कुमार सैनी, विनोद सैनी, मनोज सांखला, रामस्वरूप सैनी, रोहिताश्व नायक आदि मौजूद रहे।

### स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**लक्ष्मणगढ शेखावाटी ,** । लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद के अध्यक्ष विष्णु भूत की प्रेरणा से सुलोचना देवी श्रीलाल भूत की स्मृति में दिलीप जी भूत के आर्थिक सौजन्य से श्री कालूराम जाजोदिया राजकीय संस्कृत विद्यालय में बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित की । सर्दी के मौसम में गर्म स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। यह जानकारी देते हुए परिषद के सचिव निशांत गोयनका व प्रवक्ता संदीप बजाज ने बताया कि इस अवसर पर संस्था प्रधान डा. भवानी शंकर शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद सदस्यों एवं पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित की गई। इस अवसर पर भामाशाह परिवार के ललित कुमार भूत, श्रीमती वर्षा भूत सहित नागरिक परिषद के सचिव निशांत गोयनका युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील बूबना मीडिया प्रभारी शशिकांत पुजारी, युवा अध्यक्ष सुनील बूबना, लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला प्रवक्ता संदीप बजाज महिला प्रकोष्ठ सचिव सोनू सोमानी, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा, शर्मिला ने स्वेटर वितरण कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन छगन शास्त्री ने किया

### डोटासरा का किया स्वागत

**राजलदेसर**,(निसं) । बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सीकर से बीकानेर जाते समय अल्प समय के लिए राजलदेसर रुकें जहां मंडल अध्यक्ष जब्बार खोखर के नेतृत्व में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका साफा माला शॉल पहनाकर स्वागत किया उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार का 1 वर्ष पूरी तरीके से फैल रहा हैं जो भी वादे किए हैं वो नहीं निभाए है । किसान परेशान होकर धरने प्रदर्शन कर रहें हैं युवाओं को नौकरी मिल नहीं रही हैं। आपसी झगडे के कारण मुख्यमंत्री बार बार दिल्ली का दौरा कर रहे हैं अगर इतना समय विकास के कार्य मे लगाया होता तो बहुत ही अलग होती । कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया किसी भी योजनाओं को धरातल पर लागू नहीं कर रहे हैं । इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहन लाल , मोहम्मद शरीफ छींपा, मोहम्मद इदरीश खत्री, पार्षद नबीबक्स निर्बान, पार्षद ताराचंद वाल्मीकि,पार्षद प्रतिनिधि मिर्जारम मेघवाल , पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी , दौलतराम कड़वासरा, मनफूल टांडी, असफाक बगड़, दीपाराम मेघवाल ,दीपाराम कड़वासरा, राजू सैनी, रिज़वान बगड़, राजेश स्वामी,अनवर गोरी, प्रेम सोनी , भावेश सोनी, जब्बार खत्री, विजय कुमार सैनी, सरवन मोडसरा, समीर , युनुस, जावेद, शोएब, भगवानराम सहित अनेकों संख्या मे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता मौजूद रहें ।

### सहकार से समृद्धि कार्यक्रम आयोजित

**चूरू** । स्थानीय पेंशनर भवन में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर दी सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. व चूरू जिला दुग्ध उत्पादक संघ लि. की ओर से बुधवार को सहकार से समृधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10,000 नई एम् पेक्स का विडियो कांफ्रेंस से उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रत्येक जिला मुख्यालय पर लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सहकारिता में नवाचार पर चर्चा करते हुए कहा कि चुरू जिले में ऊंटों की संख्या बहुतायत में हैं और इनका दूध भी अत्यधिक उपयोगी है। इस दौरान कलेक्टर ने सहकारिता के माध्यम से समितियों के गठन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि ये समितियां पशुपालकों व किसानों के लिए सार्थक सिद्ध होगी। सुराणा ने कहा कि ग्वारपाठा जैविक व अन्य आयुर्वेदिक औषधियों में कारगर होता है। कार्यक्रम में 05 नवगठित एम-पेक्स को पंजीयन प्रमाण पत्र, 05 गोपालको को गोपाल क्रेडिट कार्ड व 03 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम प्रदान किये गए। कार्यक्रम में जिले भर के 200 सहकारिता से जुड़े प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर फतेहचन्द सोती, बसंत शर्मा, ओम सारस्वत, सुशील लाटा, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, नरेंद्र कंवल, योगेश तिवाड़ी, डेयरी संघ के अध्यक्ष लालचंद मूंड, प्रबन्ध निदेशक जितेन्द्र सिंह, अधिशाषी अधिकारी अम्मीलाल सहारण व डीडीएम नाबार्ड जी. एल निर्वाण सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### स्कूल में क्रिसमस समारोह

**चिड़ावा।** शहर के पिलानी रोड़ स्थित परमहंस स्कूल के जूनियर विंग में क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर क्रिसमस की भावना को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने क्रिसमस के गीत गाए और प्रार्थना की। इसके बाद, विद्यार्थियों ने क्रिसमस ट्री को सजाया और उपहार विनिमय किया। स्कूल के निदेशक विक्रम जांगिड़ ने कहा, ''क्रिसमस का त्योहार प्रेम, करुणा और एकता का प्रतीक है। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपनी रचनात्मकता और उत्साह का प्रदर्शन किया है।'' इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से क्रिसमस की कहानी को प्रस्तुत किया। स्कूल के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर क्रिसमस केक काटा और उपहार वितरित किए गए। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक यादगार अनुभव था। स्कूल निदेशक मनोज कुमार ने ने क्रिसमस समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन में राजीव, पंकज जांगिड़, विकास, दीपक, मनीष, कृष्णा, प्रमिला डांगी, चित्रा शर्मा, यशवंता, निर्मला , प्रमिला जांगिड़, मंजू शीला, विनीता, अनीता, सुहाना, मेहरबानी, बिंदिया, रीना, मनीषा, सुषमा, गीता जांगड़ा, पूजा, सरस्वती ,अनीता सहित स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

### कुलदीप इंदौरा का चूरू आने पर किया स्वागत

**चूरू।** गंगानगर सांसद, जिला प्रभारी व एआईसीसी सचिव कुलदीप इंदौरा के चूरू पहुंचने पर प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंदौरा ने कहा कि आने वाले समय में हमें देशहित के लिए सभी कांग्रेसजनों को सड़क से संसद तक एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई लड़नी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि हम इंदौरा के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर हर परिस्थिति में संघर्ष करने को तैयार रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अबरार खान, पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हेमंत सिहाग, वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष आजम खान, छात्र नेता पुलकित चौधरी, छात्र नेता फरमान खान, छात्र नेता आदिल गौरी, पूर्व यूथ कांग्रेस महासचिव गुलजार खान, मोहम्मद अली कुरैशी, अज्जू लुहार, सिकंदर खान जोईया, समीर , लतीफ खान, अमजद , तौफिक खान, उमर कुरैशी, जुनैद कुरैशी, मो. अजीज, सद्दाम, शाहिद, मो. हुसैन, मो. अली, खलील, बाबू खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूल शेखावाटी रत्न से सम्मानित

**पाटन** । दिल्ली-सीकर बाईपास नीमकाथाना स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल को न्यूज 18 राजस्थान द्वारा शेखावाटी रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान विद्यालय द्वारा वर्तमान सत्र में शैक्षिणक एवम् सहशैक्षिणक कार्यों और विश्वस्तरीय अद्भुत आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधार पर सीकर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विद्यालय प्राचार्य डॉ पी के भाटी एवं आदित्य बेनीवाल को सम्मानित किया। डॉ भाटी ने इस सम्मान के लिए संस्था चेयरमैन संपत बेनीवाल, निदेशक श्री के सत्येंद्र के निर्देशन एवम् मार्गदर्शन का परिणाम बताया एवं सभी अध्यापकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।

